Title: Need to upgrade the status of telephone exchange at Sitamarhi in Bihar

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार का सीतामढ़ी नेपाल सीमावर्ती एवं बाढ़ग्रस्त जिला है। यहां प्रति वर्ष बाढ़ एवं बरसात के दिनों में ग्रामीण एवं प्रखण्ड से सड़क मार्ग बाधित होने के कारण जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट जाता है। ऐसी स्थिति में दूरभाष से ही सम्पर्क किया जा सकता है। सीतामढ़ी टेलीफोन एक्सचेंज टैक्नीकल खराबी के कारण महीने में 20 दिन बाधित रहता है। टोलीफोन सेवा में सुधार के लिए क्षेत्रीय कार्यालय से लेकर माननीय मंत्री महोदय, दूरसंचार तक सम्पर्क किया गया मगर आज तक एस्सचेंज की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। सीतामढ़ी के टेलीफोन उपभोक्ताओं को टेलीफोन रजिस्ट्रेशन बिल जमा करने, फोन में खराबी की शिकायत आदि के लिए जिला से 70 कि.मी. की दूरी पर मुजफ्फरपुर जाना पड़ता है जिसके कारण पूरे एक दिन का समय बर्बाद हो जाता है। सीतामढ़ी से पुपरी, महुआगाच्छी, मुजफ्फरपुर आदि कहीं भी लोकल सेवा उपलब्ध रहते हुए भी टेलीफोन एक्सचेंज में खराबी की बात नहीं होती है जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सीतामढ़ी टेलीफोन एक्सचेंज की एस.टी.डी. सेवा हमेशा फेल रहती है.

अतः माननीय संचार मंत्री जी से आग्रह है कि सीतामढ़ी टेलीफोन एक्सचैंज को जिला का दर्जा देकर वित्तीय वर्ष 2000-2001 में शिलान्यास कर कार्य आरम्भ कराएं तथा सीमामढ़ी-मुजफ्फरपुर, पुपरी-मुजफ्फरपुर एवं सीतामढ़ी-पुपरी, सुरसण्ड, बाजपट्टी, परिहार, सोनबरसा, नानपुर, महुआगाच्छी, रायपुर आदि टेलीफोन एक्सचैंज को ओ.एफ.सी. सेवा से जोड़ा जाए जिससे कि स्थानीय उपभोक्ताओं को एस.टी.डी. एवं आई.एस.डी. सुविधा में आ रही बाधा अविलम्ब दूर हो सके।